6th path 3

## शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| ज़िंदगी | जीवन | तय करना | निर्णय लेना |
| थमी | रुकी | कामयाब | सफल |
| खयाल | विचार | झुरमुट | पास-पास उगे कई छोटे पेड़ों या झाड़ियों का समूह |
| पूँजी | धन | अटकलें | अनुमान |

# अभ्यास



### मौखिक प्रश्न

उत्तर (ख) ट्रेन के घुमाव पर मुड़ते समय एक सिक्का लुढ़ककर तोतो-चान के पैरों के पास आ गया।

उत्तर दीजिए।

क. तोत्तो-चान को पहली बार क्या पड़ा मिला? तोत्तो-चान को पैसे पड़े मिले।

ख. ट्रेन के घुमाव पर मुड़ते समय क्या हुआ? (ग) कंडक्टर को देखकर

ग. कंडक्टर को देखकर तोत्तो-चान ने क्या किया? तोत्तो-चान ने तुरंत सिक्के पर अपना पैर रख दिया।

घ. स्टेशन की सीढ़ियाँ उतरते समय तोत्तो-चान ने क्या तय किया?

ङ. क्या सिक्के का रहस्य खुल सका? (घ) स्टेशन की सीढ़ियाँ उतरते समय उसने तय किया कि वह सिक्का छिपा देगी और दूसरे दिन स्कूल ले जाकर सबसे सलाह करेगी। (ङ) नहीं, सिक्के का रहस्य नहीं खुल सका।



### लिखित प्रश्न

1. सही उत्तर पर ✓ लगाइए।

क. तोत्तो-चान को कितने सेन का सिक्का पड़ा हुआ मिला?

- एक सेन
- ✓ पाँच सेन
- दस सेन

ख. तोत्तो-चान वाले डिब्बे में कौन आया था?

- ✓ कंडक्टर
- ड्राइवर
- टीचर

2. हाँ या नहीं में उत्तर लिखिए।

क. तोत्तो-चान को स्कूल से घर आते समय कुछ पैसे पड़े मिले थे। हाँ

ख. तोत्तो-चान ने सिक्का उठाकर सिपाही को सौंप दिया। नहीं

ग. तोत्तो-चान ने पाँच सेन की चॉकलेट खरीदी। नहीं

घ. तोत्तो-चान ने सिक्का मिट्टी में गाड़ दिया। हाँ

ङ. तोत्तो-चान ने अपने दोस्तों को पाँच सेन का सिक्का दिखाया। नहीं



Scanned with Cam

3. **बताइए क्यों।**

क. तोत्तो-चान जूते के फीते बाँधने के बहाने झुकी।

तोत्तो-चान जूते के फीते बाँधने के बहाने पाँच सेन का सिक्का उठाने के लिए झुकी।

ख. तोत्तो-चान को इससे पहले कभी इतना आश्चर्य नहीं हुआ था।

तोत्तो-चान को इससे पहले कभी इतना आश्चर्य नहीं हुआ, क्योंकि जब उसने मिट्टी हटाकर खोदी तो उसका छिपाया सिक्का न जाने कहाँ गायब हो गया था।

4. **गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

स्टेशन के पास ही पेड़ों के एक झुरमुट में वह घुसी। आड़ में उसे कोई नहीं देख सकता था। यही जगह ठीक थी। एक डंडी से मिट्टी में गड्ढा किया, फिर सिक्का वहीं गाड़ दिया। पहचान के लिए एक अजीब-से आकार का छोटा पत्थर ढूँढ़कर वहाँ रखा। तब तेज़ी से घर की ओर भागी।

क. तोत्तो-चान पेड़ों के झुरमुट में क्यों घुसी?

तोत्तो-चान पेड़ों की झुरमुट में पाँच सेन का सिक्का छिपाने के लिए घुसी थी।

ख. आड़ में उसे कोई नहीं देख सकता था। इससे क्या अभिप्राय है?

आड़ में में उसे कोई नहीं नहीं देख सकता था का अभिप्राय है कि वहाँ चारों ओर पेड़ थे। आसानी से किसी की नजर उस पर नहीं पड़ सकती थी।

ग. तोत्तो-चान ने मिट्टी में गड्ढा करने के लिए डंडी का सहारा क्यों लिया?

तोत्तो-चान ने मिट्टी में गड्ढा करने के लिए डंडी का सहारा इसलिए लिया, क्योंकि मिट्टी सख्त थी, उसमें हाथ से गड्ढा नहीं किया जा सकता था।

घ. एक अजीब-से आकार का छोटा पत्थर ढूँढ़कर रखने का क्या कारण था?

एक अजीब से आकार का छोटा पत्थर ढूँढकर रखने के कारण उस जगह की पहचान करना था, जहाँ उसने पैसे छिपाए हैं।

5. **उत्तर लिखिए।**

क. तोत्तो-चान डिब्बे के दाएँ दरवाज़े के पास क्यों खड़ी रहती थी?

तोत्तो-चान डिब्बे के दाएँ दरवाजे के पास इसलिए खड़ी रहती थी क्योंकि उसे अपने स्टेशन पर उसी ओर उतरना होता था।

ख. तोत्तो-चान द्वारा सिक्का उठाने से पहले उसे झुककर ध्यान से देखने का क्या कारण था?

तोत्तो-चान द्वारा सिक्का उठाने से पहले उसे झुककर देखने का कारण यह था कि वह सिक्का ही है या कुछ और, क्योंकि इससे पहले भी एक बार उसने सिक्का समझकर कुछ उठाया था, तो वह बटन निकला था।

ग. कंडक्टर तोत्तो-चान को देखकर क्यों मुसकराया? तोत्तो-चान उसकी मुसकराहट का उत्तर सही ढंग से क्यों नहीं दे पाई?

कंडक्टर तोत्तो-चान को देखकर इसलिए मुसकाया, क्योंकि वह उसे पहचानता था, तोत्तो-चान उसकी मुस्कराहट का उत्तर ठीक से नहीं दे पाई, क्योंकि उसके मन पर दाएँ पैर के तले छिपे सिक्के का बोझ था।

घ. सवारियों के धक्के सहकर भी तोत्तो-चान अपने स्थान से क्यों नहीं हिली?

सवारियों के धक्के सहकर भी तोत्तो-चान अपने स्थान से नहीं हिली क्योंकि वह अपने दाएँ पैर के नीचे दबे सिक्के को उठाना चाहती थी।

ङ. तोत्तो-चान के लिए पाँच सेन का सिक्का एक बड़ी पूँजी क्यों था?

तोत्तो-चान के लिए पाँच सेन का सिक्का एक बड़ी पूँजी इसलिए था, क्योंकि उन दिनों पाँच सेन में कुछ मीठी गोलियाँ या एक चॉकलेट खरीदी जा सकती थी।

6. सुनो और लिखो।

जियुगाओका ओइमाची मिदोरीगाओका ऊकायामा चॉकलेट सीढ़ियाँ झुरमुट आश्चर्य छछूंदर



## सोचो और बताओ

सिक्का उठाने के बाद तोत्तो-चान के पसीने से भीगने का क्या कारण रहा होगा?

सिक्का उठाने के बाद तोत्तो-चान के पसीने से भीगने का कारण यह रहा होगा, क्योंकि सिक्का तोत्तो-चान का नहीं था वह लुढ़ककर उसके पास आया था, तोत्तो-चान सिक्के का लोभ छोड़ नहीं पा रही थी उसने सिक्का उठा लिया परंतु उसका मन अपराध बोध से ग्रस्त था, इसी भय के कारण वह पसीने से भीग गई थी।



## भाषा बोध

1. ऐसे शब्द जो अपने-आप में पूर्ण होते हैं, जिनके टुकड़े करने पर कोई अर्थ नहीं निकलता, वे रूढ़ शब्द कहलाते हैं। पाठ में से रूढ़ शब्द छाँटकर लिखिए।

क. सिक्का
ख. फीता
ग. घर
घ. हाथ
ङ. पैसा
च. डिब्बा

2. यौगिक शब्द दो शब्दों के योग से बनते हैं। दिए गए शब्दों के योग से यौगिक शब्द बनाइए।

क. पैसे + वाला पैसेवाला
ख. रसोई + घर रसोईघर
ग. रेल + गाड़ी रेलगाड़ी
घ. कम + ज़ोर कमजोर
ङ. देख + भाल देखभाल
च. पाठ + शाला पाठशाला

3. दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए।

क. मुठ्ठी मुट्ठी
ख. छूछंदर छछूंदर
ग. ज़रुर ज़रूर
घ. दाँए दाँए
ङ. बोज बोझ
च. चितिंत चिंतित

4. दिए गए शब्दों के दो अलग-अलग अर्थ लिखिए। वाक्य-प्रयोग द्वारा अंतर स्पष्ट कीजिए।

क. कर (हाथ) तोत्तो-चान के कर में सिक्का था।
कर (टैक्स)- हम सभी को अपने कर भुगतान करना चाहिए।
ख. पर (पंख) - मोर के पर सुंदर है।
पर (ऊपर) - मोहन छत पर खड़ा था।
ग. तले (नीचे) तोत्तो-चान ने अपने पैरों तले सिक्का छिपा लिया।
तले (तलना) हलवाई ने समोसे तले।

5. दिए गए शब्दों के विलोम रूप लिखिए।

क. दाएँ बाएँ
ख. उतरना चढ़ना
ग. नीचे ऊपर
घ. मीठी कड़वी
ङ. मामूली बहुमूल्य
च. धीमे तेज़

6. दिए गए चिह्नों से दो-दो नए शब्द बनाइए।

क. ॉ रॉकी डॉक्टर चॉकलेट
ख. र्‍ (ऊपर) आश्चर्य कर्ज हर्ज
ग. ्र (नीचे) ट्रेन ट्रक ड्रम
घ. ् (नीचे) मिट्टी पट्टी मुट्ठी



Scanned with Cam